# छत्तीसगढ़ शासन

# विमानन विभाग

# वार्षिक प्रशासकीय प्रतिवेदन

# 2013–2014

# विमानन विभाग

## (आलोच्य अवधि में प्रभार)

## 2013–2014

| | |
|---|---|
| मुख्यमंत्री | माननीय डॉ. रमन सिंह |
| सचिव सह आयुक्त | श्री सुबोध कुमार सिंह (भा.प्र.से)<br>दिनांक 29.09.2012 से निरंतर |

# विमानन विभाग
# वार्षिक प्रशासकीय प्रतिवेदन वर्ष, 2013–14

**विषयः– वर्ष 2013–14 का वार्षिक प्रशासकीय प्रतिवेदन ।**

**सामान्यः–**

**अ.** विमानन संबंधी विषय संविधान की केन्द्रीय अनुसूची में है, परन्तु शासन के पास स्वयं के विमान होने के कारण एवं प्रदेश में हवाई यातायात के विकास हेतु इस विभाग का गठन हुआ है, जिसके मुख्य कार्य इस प्रकार है :–

(1) अतिविशिष्ट व्यक्तियों के लिए शासकीय विमान/हेलीकॉप्टर उपलब्ध कराना ।

(2) शासकीय विमान तथा हेलीकॉप्टर के अनुरक्षण एवं परिचालन की व्यवस्था ।

(3) प्रदेश में वायु यातायात सेवाओं के विस्तार के लिए पहल करना ।

(4) वायु यातायात के विकास के लिए राज्य के संसाधनों से निर्मित हवाई पट्टियों के अनुरक्षण तथा विकास संबंधी कार्य ।

(5) जिले के प्रमुख स्थलों में पक्के हेलीपेड निर्मित करने की कार्यवाही करना ।

**ब.** राज्य शासन के द्वारा विमानन विभाग के अधीन शासकीय विमान एवं हेलीकॉप्टर के संधारण व परिचालन के लिए संचालनालय विमानन का सेटअप स्वीकृत किया गया है । (परिशिष्ट–अ)

**भाग–1**

आलोच्य अवधि में शासन के पास उपलब्ध विमान/हेलीकॉप्टर का विवरण निम्नानुसार है :–

**(अ) शासकीय विमान :–**

शासकीय विमान किंग एयर बी–200, व्ही.टी.–सी.टी.जी. का क्रय मेसर्स रेथेयोन एयरक्राफ्ट कंपनी, अमेरिका से **₹** 23.88 करोड़ में किया गया है। यह विमान दिसंबर 2006 में शासन को प्राप्त हुआ था तथा वर्तमान में विशिष्ट व्यक्तियों

की यात्राओं व शासन के कार्य में उपयोग हेतु लाया जा रहा है । वर्ष में 01 जनवरी, 2013 से 31.12.2013 तक 362:15 घंटे उड़ान तथा कुल उड़ान 2029:10 घंटे की पूरी कर चुका है । विमान में दो पायलटों के अलावा 09 यात्रियों के बैठने हेतु सीटें उपलब्ध हैं। विमान का संधारण कार्य विभागीय अभियंताओं एवं तकनीकी कर्मचारियों द्वारा स्वामी विवेकानन्द एयरपोर्ट स्थित शासकीय हैंगर में किया जा रहा है ।

**(ब) <u>शासकीय हेलीकॉप्टर :–</u>**

शासकीय हेलीकाप्टर अगुस्ता ए 109 पावर, व्ही.टी.–सी.एच.जी. इटली की कम्पनी अगुस्ता वेस्टलैंड से राशि ₹ 25.96 करोड़ में क्रय किया गया है । यह हेलीकॉप्टर दिसंबर 2007 से उड़ान हेतु उपलब्ध है। अतिविशिष्ट व्यक्तियों की उड़ान के लिए इस हेलीकॉप्टर में बैठक क्षमता 2+5 है । इस हेलीकॉप्टर द्वारा 01 जनवरी, 2013 से 31 दिसम्बर, 2013 तक 260:25 घंटे एवं कुल 1576:40 घंटे की उड़ान सफलतापूर्वक पूरी की गई है । अतिविशिष्ट व्यक्तियों की यात्राओं व शासन के कार्य में इसका उपयोग किया जा रहा है। हेलीकॉप्टर का परिचालन शासन द्वारा नियुक्त पायलटों द्वारा एवं संधारण का कार्य विभागीय अभियंताओं द्वारा पुलिस लाईन में स्थित हैंगर में किया जा रहा है।

**<u>भाग–2</u>**

**(अ) <u>राज्य में स्थित हेलीपेड की जानकारी :–</u>**

छत्तीसगढ़ राज्य में पक्के हेलीपेड बनाने की योजना के तहत् वर्ष 2010–11 में 65 व 2011–12 में 09 ब्लॉक मुख्यालयों में पक्के हेलीपेड निर्माण की प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई है ।

**(ब) <u>राज्य में स्थित हवाई पट्टियाँ :–</u>**

छत्तीसगढ़ राज्य में स्थित हवाई पट्टियों की जानकारी परिशिष्ट 'ब' में वर्णित है ।

**(स) <u>हवाई पट्टी का विस्तार एवं उन्नयन :–</u>**

छत्तीसगढ़ राज्य में मुख्य रूप से आठ हवाई पट्टियाँ हैं जिसमें से पाँच हवाई पट्टी राज्य शासन के स्वामित्व में एवं तीन हवाई पट्टी अन्य के स्वामित्व में

हैं। जिला अम्बिकापुर (दरिमा), बिलासपुर, भिलाई (नंदिनी), जगदलपुर, जशपुरनगर, रायगढ़ (कोड़ातराई), कोरबा एवं रायगढ़ (जिंदल) में हवाई पट्टियाँ स्थित है । छत्तीसगढ़ राज्य में नवीन हवाई पट्टी बनाने एवं उन्नयन की योजना के तहत् वर्ष 2010–11 एवं वर्ष 2011–12 में राज्य शासन द्वारा बलरामपुर, (1362.32 लाख) बीजापुर, (1987.48 लाख) दंतेवाड़ा, (681.13 लाख) में नवीन हवाई पट्टी निर्माण हेतु प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई है । इसी प्रकार पूर्व से निर्मित अम्बिकापुर, (दरिमा हवाई पट्टी) (1261.87 लाख) जशपुरनगर, (885.69 लाख) हवाई पट्टियों के उन्नयन के लिये भी प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई है तथा इनके कार्य प्रगति पर हैं ।

**(द) <u>बजट प्रावधान :–</u>**

वर्ष 2013–14 में विमानन संचालनालय के लिए कुल राशि ₹ 20,89,14,000/– का प्रावधान है, जिसके विरूद्ध 31 दिसम्बर, 2013 तक ₹ 12,73,04,901/– का व्यय हो चुका है शेष बजट ₹ 8,16,09,099/– है । (परिशिष्ट–'स')

**<u>भाग–तीन एवं चार :–</u>**

राज्य में विमानन विभाग के अधीन वर्तमान में कोई केन्द्र प्रवर्तित योजना संचालित नहीं है एवं कोई जांच कमेटी या अध्ययन कमेटी गठित नहीं की गई है ।

**1. <u>छत्तीसगढ़ का Perspective Civil Aviation Plan तैयार कराने का कार्य</u> :–**

सचिव, भारत सरकार, नागर विमानन, मंत्रालय, नई दिल्ली से प्राप्त सुझावों अनुसार वायु यातायात को विकसित करने हेतु छत्तीसगढ़ के Civil Aviation का State Perspective Plan तैयार कराया गया है । सलाहकार की रिपोर्ट के अनुसार रायगढ़, अम्बिकापुर, बिलासपुर, जगदलपुर एवं कोरबा में वायु सेवाओं हेतु काफी सम्भावनायें है ।

**2. <u>एयरपोर्ट लायसेन्स लेने हेतु सर्वे एवं डॉक्यूमेंट तैयार कराने का कार्य</u> :–**

छत्तीसगढ़ राज्य में वायु यातायात की अपार सम्भावनाओं को देखते हुए प्रदेश के 07 हवाई अड्डों (एयर स्ट्रीप) 1. अम्बिकापुर 2. रायगढ़ 3. जगदलपुर

4. जशपुर 5. कोरबा 6. भिलाई एवं 7. बिलासपुर को DGCA के मापदण्ड के अनुरूप सुधारने एवं लायसेंस प्राप्त करने के उद्‌देश्य से सलाहकार नियुक्त कर कार्य पूर्ण कराया गया । इसके अंतर्गत विभिन्न मैनुअल तैयार कराये गये ।

3. **स्वामी विवेकानन्द एयरपोर्ट को अन्तर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट के रूप में तैयार करने की पहल** :–

नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने छत्तीसगढ़ विधानसभा व राज्य शासन के प्रस्ताव पर रायपुर एयरपोर्ट का नाम स्वामी विवेकानन्द एयरपोर्ट रखा है । स्वामी विवेकानन्द एयरपोर्ट को अन्तर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट बनाने एवं भविष्य की सम्भावनाओं के मद्‌देनज़र विस्तार की कार्य योजना तैयार किया गया है । इस हेतु लगभग 400 एकड़ भूमि भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण को उपलब्ध करायी गई है । भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण द्वारा रनवे विस्तार का कार्य शीघ्र प्रारम्भ किया जा रहा है । राज्य शासन द्वारा रायपुर एयरपोर्ट को अन्तर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट घोषित करने हेतु भारत सरकार से अनुरोध किया है ।

4. **रायगढ़ हवाई पट्‌टी को 3C/4C केटेगरी के एयरपोर्ट के रूप में विकसित करने की पहल** :–

राज्य शासन द्वारा सलाहकार की रिपोर्ट से सहमत होकर रायगढ़ हवाई पट्‌टी को भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के साथ MoU कर 3C/4C केटेगरी एयरपोर्ट के रूप में विकसित करने की योजना बनाई गई है । वर्ष 2012–13 में एयरपोर्ट के लिए भूमि अर्जन हेतु ₹ 20.00 करोड़ कलेक्टर, रायगढ़ को प्रदान किया गया है । भूमि अधिग्रहण की कार्यवाही प्रारम्भ है ।

5. **फ्यूल बाऊजर** :–

नक्सली समस्या के निदान हेतु एयरफोर्स व BSF के उड़ान एवं राज्य पुलिस के संयुक्त मूव्हमेंट में प्रयुक्त हेलीकॉप्टरों में फ्यूल उपलब्ध कराने हेतु 05 नग फ्यूल बाऊजर एवं 01 नग आयल टेंकर क्रय कर दन्तेवाड़ा, जगदलपुर, कांकेर व अम्बिकापुर में बाऊजर प्रदाय किये गये है । इसके अतिरिक्त राज्य शासन के उपयोग हेतु 01 नग फ्यूल बाऊजर क्रय कर रायपुर में रखा गया है ।

**6. अशासकीय संकल्प : चकरभाटा (बिलासपुर) से नियमित विमान सेवा प्रारम्भ करना :–**

चकरभाटा (बिलासपुर) के साथ जगदलपुर एवं अम्बिकापुर को जोड़ते हुए नियमित विमान सेवा प्रारम्भ करने हेतु छत्तीसगढ़ विधानसभा द्वारा अशासकीय संकल्प पारित किया गया है । राज्य शासन द्वारा इस हेतु भारत सरकार नागर विमानन, मंत्रालय से आवश्यक कार्यवाही करने हेतु अनुरोध किया है ।

**7. अशासकीय संकल्प : स्वामी विवेकानन्द एयरपोर्ट रायपुर को अन्तर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट घोषित करना :–**

छत्तीसगढ़ विधानसभा ने स्वामी विवेकानन्द एयरपोर्ट रायपुर को अर्न्तराष्ट्रीय एयरपोर्ट घोषित करने हेतु अशासकीय संकल्प पारित किया था । राज्य शासन द्वारा भारत सरकार नागर विमानन, मंत्रालय से रायपुर एयरपोर्ट को अन्तर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट घोषित करने हेतु स्वीकृति प्रदान करने का अनुरोध किया है ।

**8. शासन का स्टेट हैंगर एवं प्रशासकीय भवन :–**

स्वामी विवेकानन्द एयरपोर्ट के नज़दीक राज्य शासन का स्टेट हैंगर एवं प्रशासकीय भवन निर्माण का कार्य पूर्ण हो चुका है । शासकीय विमान एवं हेलीकॉप्टर का उड़ान संचालन एवं अनुरक्षण का कार्य प्रारम्भ करने हेतु कार्यवाही की जा रही है ।

**9. ATF पर वाणिज्यकर :–**

राज्य शासन द्वारा ATF पर वाणिज्यकर 25 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत किया गया है । इससे रायपुर से आने–जाने वाली फ्लाईट की संख्या बढ़ी है तथा ATF की बिक्री भी बढ़ी है । इसकी सराहना नागरिक उड्डयन मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा भी की गई है एवं इसे दूसरे प्रदेशों के लिए अनुकरणीय बताया गया है ।

**10. कारगो टर्मिनल प्रारम्भ करने बाबत् :–**

रायपुर एयरपोर्ट के पुराने टर्मिनल को कारगो टर्मिनल के रूप में बनाये जाने से यहाँ के उद्योगों को लाभ होगा । अध्यक्ष, भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण, नई दिल्ली को इस संबंध में अनुरोध किया गया है ।

**11. राज्य में नये एयरपोर्ट का विकास :–**

राज्य शासन द्वारा नागरिक उड्डयन मंत्रालय को बिलासपुर, अम्बिकापुर एवं जगदलपुर एयरपोर्ट को भारत सरकार की एयरपोर्ट विकसित करने सम्बन्धी योजनाओं में शामिल करने का आग्रह किया है । बिलासपुर औद्योगिक संस्थानों के अतिरिक्त शैक्षणिक व वाणिज्यिक गतिविधियों का भी केन्द्र है । यहाँ NTPC, SECL, Railway Zone, केन्द्रीय विश्वविद्यालय के अतिरिक्त राज्य के दो विश्वविद्यालय है । अम्बिकापुर व जगदलपुर क्षेत्र में पर्यटन तथा औद्योगिक विकास काफी हुआ है । हवाई सेवा प्रारम्भ होने से इन क्षेत्रों के विकास में और तेजी आयेगी ।

**12. जगदलपुर हवाई पट्टी पर नाईट लैंडिंग सुविधा :–**

जगदलपुर हवाई पट्टी पर नाईट लैंडिंग सुविधा के कार्य सम्पादन हेतु भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण को **₹** 136.00 लाख की राशि उपलब्ध कराई गई है ।

--00--

# पद संरचना की जानकारी (31.12.2013 की स्थिति में)

विभाग का नाम– विमानन विभाग (परिशिष्ट–अ)

विभागाध्यक्ष का नाम– आयुक्त, विमानन

मांग संख्या– 65

मुख्य शीर्ष– 2052

उप मुख्य शीर्ष– 00

लघु शीर्ष– 091

योजना क्रमांक– 4043

| क्र | पदनाम | कुल स्वीकृत पद | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | स्थायी | अस्थायी | नियमित सांख्येतर /संविदा | आकस्मिकता निधि स्थापना पद | कलेक्टर दर के पद | कुल स्वीकृत | भरे पद | रिक्त पद | ग्रेड–पे | पे–बैंड |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 |
| 1 | संचालक | 01 | —— | —— | —— | —— | 01 | 01 | —— | आई.ए.एस. वरिष्ठ वेतनमान | |
| 2 | उप संचालक | 01 | —— | —— | —— | —— | 01 | —— | 01 | 6600 | 15600–39100 |
| 3 | प्रशासकीय सह लेखाधिकारी | 01 | —— | —— | —— | —— | 01 | 01 | —— | 5400 | 15600–39100 |
| 4 | कनिष्ठ लेखाधिकारी | 01 | —— | —— | —— | —— | 01 | —— | 01 | 4300 | 9300–34800 |
| 5 | स्टेनोग्राफर कम कम्प्यूटर ऑपरेटर | 02 | —— | —— | —— | —— | 02 | 01 | 01 | 2400 | 5200–20200 |
| 6 | स्टेना टायपिस्ट | 01 | —— | —— | —— | —— | 01 | —— | 01 | 1900 | 5200–20200 |
| 7 | लेखापाल | 01 | —— | —— | —— | —— | 01 | 01 | —— | 2400 | 5200–20200 |
| 8 | सहायक ग्रेड–02 | 01 | —— | —— | —— | —— | 01 | 01 | —— | 2400 | 5200–20200 |
| 9 | सहायक ग्रेड–03 | 03 | —— | —— | —— | —— | 03 | 03 | —— | 1900 | 5200–20200 |
| 10 | वाहन चालक | 01 | —— | —— | —— | —— | 01 | 01 | —— | 1300 | 4750–7440 |
| 11 | भृत्य | 01 | —— | —— | —— | —— | 01 | 01 | —— | 1300 | 4750–7440 |
| 12 | सीनियर पायलट, विमान | 04 | —— | —— | —— | —— | 04 | 03 | 01 | 8900 | 37400–67000 |
| 13 | सीनियर पायलट, हेली | 02 | —— | —— | —— | —— | 02 | 02 | —— | 8900 | 37400–67000 |
| 14 | पायलट हेली. | 01 | —— | —— | —— | —— | 01 | 01 | —— | 7600 | 15600–39100 |
| 15 | मुख्य अभियंता | 01 | —— | —— | —— | —— | 01 | —— | 01 | 8900 | 37400–67000 |
| 16 | उप मुख्य अभियंता (रेडियो) | 01 | —— | —— | —— | —— | 01 | 01 | —— | 8700 | 37400–67000 |
| 17 | एयर क्राफ्ट मेंटेनेन्स इंजीनियर (विमान) | 01 | —— | —— | —— | —— | 01 | 01 | —— | 7600 | 15600–39100 |
| 18 | एयर क्राफ्ट मेंटेनेन्स इंजीनियर (हेली.) | 01 | —— | —— | —— | —— | 01 | 01 | —— | 7600 | 15600–39100 |
| 19 | सहायक अभियंता (एयरक्राफ्ट) | 02 | —— | —— | —— | —— | 02 | 01 | 01 | 5400 | 15600–39100 |
| 20 | फोरमैन | 01 | —— | —— | —— | —— | 01 | 01 | —— | 4400 | 9300–34800 |
| 21 | ऑपरेशन मैनेजर | 01 | —— | —— | —— | —— | 01 | 01 | —— | 4300 | 9300–34800 |
| 22 | क्वालिटी कंट्रोल मैनेजर | 01 | —— | —— | —— | —— | 01 | —— | 01 | 4300 | 9300–34800 |
| 23 | CAMO मैनेजर | 01 | —— | —— | —— | —— | 01 | —— | 01 | 4400 | 9300–34800 |
| 24 | सीनियर मैके. (विमान) | 03 | —— | —— | —— | —— | 03 | 03 | —— | 2800 | 5200–20200 |
| 25 | सीनियर मैके. (हेली) | 03 | —— | —— | —— | —— | 03 | 03 | —— | 2800 | 5200–20200 |

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 26 | स्टोरकीपर कम कम्प्यूटर ऑपरेटर | 02 | —— | —— | —— | —— | 02 | 02 | —— | 2400 | 5200—20200 |
| 27 | स्टेनोग्राफर कम कम्प्यूटर ऑपरेटर | 01 | —— | —— | —— | —— | 01 | —— | 01 | 2400 | 5200—20200 |
| 28 | वाहन चालक | 03 | —— | —— | —— | —— | 03 | 03 | —— | 1900 | 5200—20200 |
| 29 | वाहन चालक कम क्लीनर | 02 | —— | —— | —— | —— | 02 | 02 | —— | 1800 | 5200—20200 |
| 30 | टूल ब्वाय | 01 | —— | —— | —— | —— | 01 | 01 | —— | 1300 | 4750—7440 |
| 31 | चौकीदार | 01 | —— | —— | —— | —— | 01 | 01 | —— | 1300 | 4750—7440 |
| 32 | माली | —— | —— | —— | —— | 01 | 01 | 01 | —— | कलेक्टर दर पर | |
| 33 | स्वीपर | —— | —— | —— | —— | 02 | 02 | 02 | —— | कलेक्टर दर पर | |
| **योग** | | **47** | —— | —— | —— | **03** | **50** | **40** | **10** | | |

## परिशिष्ट–ब

## छत्तीसगढ़ के अन्तर्गत आने वाली हवाई पट्टियों की सूची

| क्र. | जिला स्थान | रनवे की दिशा | रनवे की लंबाई (फिट में) | हवाई पट्टियों की समुद्र तल से उंचाई (फुट में) | हवाई पट्टियों के अक्षांस–देशांश | स्वामित्व |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | अंबिकापुर (दरिमा) | 16/34 | 5330'x50' | 1900′ | उत्तर–2259.50<br>पूर्व–08311.66 | राज्य शासन |
| 2 | बिलासपुर | 17/35 | 5290'x50' | 900′ | उत्तर–2159.64<br>पूर्व–08206.88 | राष्ट्रीय विमानपत्तन प्राधिकरण की व राज्य शासन के अधीन है |
| 3 | भिलाई (नंदिनी) | 05/23 | 4500'x100' | 900′ | उत्तर–2118.00<br>पूर्व–08123.00 | स्टील अथारिटी आफ इंडिया NCC के उपयोग में |
| 4 | जगदलपुर | 06/24 | 5575'x100' | 1800′ | उत्तर–1904.49<br>पूर्व–08202.25 | राज्य शासन का स्वामित्व लीज पर (डीआरडीओ) रक्षा सेवा के अधीन |
| 5 | जशपुरनगर | 09/27 | 4000'x100' | 2400′ | उत्तर–2255.55<br>पूर्व–08413.87 | राज्य शासन |
| 6 | रायगढ़ | 12/30 | 4000'x50' | 800′ | उत्तर–2149.20<br>पूर्व–08321.49 | राज्य शासन |
| 7 | कोरबा | 18/36 | 3500'x50' | 1000′ | उत्तर–2224.79<br>पूर्व–08243.16 | छत्तीसगढ़ विद्युत मण्डल का स्वामित्व संधारण दायित्व बाल्को को |
| 8 | रायगढ़ | 10/28 | 6600'x100' | 800′ | उत्तर–2156.30<br>पूर्व–08320.23 | प्रायवेट जिन्दल ग्रुप ऑफ इण्डस्ट्रीज |

## वित्तीय वर्ष 2012—13 का स्वीकृत बजट
## व्यय एवं शेष राशि का विवरण 31.12.2013 की स्थिति में

**परिशिष्ट — ''स''**
**(राशि हजारों में)**

**विमानन संचालानलय**
**केपिटल कॉम्प्लेक्स महानदी भवन, मंत्रालय, रायपुर (छ0ग0)**

मांग संख्या 65 विस्तृत लेखा 1 राजस्व अनुभाग 2052
सचिवालय सामान्य सेवाएं 091 संबंध कार्यालय
45— विमानन विभाग
4502—संचालक, विमानन — माह—दिसम्बर 2013

| क्र. | मद | बजट 2013—14 में आबंटन राशि | पुर्ननियोजन | पूर्व में व्यय | वर्तमान व्यय | कुल व्यय | बचत |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | **# 01 वेतन भत्ते आदि** | | | | | | |
| 1 | 001 वेतन | 33669000 | | 22313556 | 2750970 | 25064526 | 8604474 |
| 2 | 002 महंगाई वेतन | 0 | | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 3 | 003 महंगाई भत्ता | 1427000 | | 1264685 | 99648 | 1364333 | 62667 |
| 4 | 006 मकान किराया भत्ता | 1011000 | | 116948 | 9976 | 126924 | 884076 |
| 5 | 008 नगर क्षतिपूर्ति भत्ता | 121000 | | 7425 | 600 | 8025 | 112975 |
| 6 | 014 अन्य भत्ते | 4884000 | | 446493 | 190043 | 636536 | 4247464 |
| 7 | 015 चिकित्सा व्यय प्रतिपूर्ति | 66000 | | 31836 | 0 | 31836 | 34164 |
| 8 | 018 भविष्य निधि अंशदान | 120000 | | 56160 | 6240 | 62400 | 57600 |
| 9 | 020 त्यौहार अग्रिम | 72000 | | 40000 | 0 | 40000 | 32000 |
| 10 | 021 घटाईये वापसिया | —72000 | | 0 | 0 | 0 | -72000 |
| 11 | 022 अनाज अग्रिम | 0 | | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 12 | 023 घटाईये वापसिया | 0 | | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 13 | 024 चिकित्सा अग्रिम | 10000 | | 0 | 0 | 0 | 10000 |
| 14 | 025 घटाइये वापसियां | —10000 | | 0 | 0 | 0 | 10000 |
| | **योग उददेश्य # 01** | **41298000** | | **24277103** | **3057477** | **27334580** | **13963420** |
| | **# 02 मजदूरी** | | | | | | |
| 15 | 004 अन्य आकस्मिक मजदूरी | 366000 | | 233660 | 30818 | 264478 | 101522 |
| | **# 03 यात्रा भत्ता** | | | | | | |
| 16 | 001 यात्रा भत्ता दौरे आदि पर | 850000 | | 501684 | 282429 | 784113 | 65887 |
| | **# 04 कार्यालय व्यय** | | | | | | |
| 17 | 001 डाक तार पर व्यय | 20000 | | 0 | 0 | 0 | 20000 |
| 18 | 002 दूरभाष पर व्यय | 350000 | | 114188 | 4499 | 118687 | 231313 |
| 19 | 003 फर्नीचर एवं कार्यालय उपकरण | 1500000 | | 0 | 0 | 0 | 1500000 |
| 20 | 004 पुस्तकें एवं नियतकालिक पत्रिकाए | 50000 | | 560 | 0 | 560 | 49440 |
| 21 | 005 बिजली एवं जल प्रभार | 1500000 | | 182290 | 8180 | 190470 | 1309530 |
| 22 | 006 वर्दियां | 50000 | | 0 | 0 | 0 | 50000 |
| 23 | 007 लेखन सामग्री एवं फार्मों की छपायी | 120000 | | 40853 | 0 | 40853 | 79147 |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 24 | 008 अन्य आकस्मिक व्यय | 50000000 | | 18105242 | 4645972 | 22751214 | 27248786 |
| 25 | 011 पेट्रोल तेल आदि पर व्यय | 17000000 | | 16029086 | 473754 | 16502840 | 497160 |
| 26 | 013 किराया महसूल कर | 14000000 | | 1577087 | 202248 | 1779335 | 12220665 |
| 27 | **योग उददेश्य # 04** | **84590000** | | **36035598** | **5334653** | **41370251** | **43219749** |
| | **# 10 व्यवसायिक सेवाओं हेतु अदायगियॉ** | | | | | | |
| 28 | 003 परामर्श सेवायें | 100000 | | 0 | 0 | 0 | 100000 |
| | **# 13 आर्थिक सहायता** | | | | | | |
| 29 | 001 प्रत्यक्ष सहायता | 5000000 | | 0 | 0 | 0 | 5000000 |
| | **# 15 डिकी धन का भुगतान (भारित)** | 10000 | | 0 | 0 | 0 | 10000 |
| 30 | **# 24 अनुरक्षण कार्य** | 1000000 | | 11913 | 0 | 11913 | 988087 |
| 31 | **# 27 लघु निर्माण कार्य प्रथम अनुपूरक** | 2500000<br>13600000<br>16100000 | | 14160000 | 0 | 14160000 | 1940000 |
| 32 | **# 28 मशीन और उपकरण** | | | | | | |
| 33 | 005 वायुयान के पूर्जे | 58500000 | | 42803818 | 40500 | 42844318 | 15655682 |
| | **# 31 क्षतिपूर्ति** | | | | | | |
| 34 | 002 अधिग्रहित भूमि मुआवजा | 100000 | | 24000 | 0 | 24000 | 76000 |
| | **# 34 वाहनों का क्रय** | | | | | | |
| 35 | 002 भारी वाहन | 0 | | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 36 | 003 हल्का वाहन | 1000000 | | 497540 | 0 | 497540 | 502460 |
| | **कुल योग दत्तमत्त** | **208904000** | | **118559024** | **8745877** | **127304901** | **81599099** |
| | **कुल योग भारित** | **10000** | | **0** | **0** | **0** | **10000** |
| | **महायोग** | **208914000** | | **118559024** | **8745877** | **127304901** | **81609099** |

**सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के अंतर्गत विमानन विभाग में नियुक्त अपीलीय अधिकारी, जनसूचना अधिकारी एवं सहायक जनसूचना अधिकारी ।**

--00--

| **क्र.** | **नियुक्त अधिकारी का नाम** | **पदनाम** | **दूरभाष क्रमांक** |
|---|---|---|---|
| 1. | श्री सुबोध कुमार सिंह<br>अपीलीय अधिकारी | सचिव (विमानन) | 2535434 |
| 2. | श्री अब्बास खान<br>जनसूचना अधिकारी | अवर सचिव | 2510708 |
| 3. | श्री मनोहर झमटानी<br>सहायक जनसूचना अधिकारी | अनुभाग अधिकारी | 9993731805 |

**सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के अंतर्गत विमानन संचालनालय में नियुक्त अपीलीय अधिकारी, जनसूचना अधिकारी एवं सहायक जनसूचना अधिकारी ।**

--00--

| **क्र.** | **नियुक्त अधिकारी का नाम** | **पदनाम** | **दूरभाष क्रमांक** |
|---|---|---|---|
| 1. | श्री सुबोध कुमार सिंह<br>अपीलीय अधिकारी | आयुक्त | 2535434 |
| 2. | श्री एस0 पाल<br>जनसूचना अधिकारी | प्रशासकीय अधिकारी | 2510172 |
| 3. | श्री आर0 एम0 डोमनिक<br>सहायक जनसूचना अधिकारी | फोरमैन | 2274020<br>2423124 |